सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-260
11/06/2017

मुख्यमंत्री ने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद यादव के 70वें जन्मदिन के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 11 जून 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती राबड़ी देवी के आवास 10 सर्कुलर रोड पहुँचकर राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद यादव के 70वें जन्मदिन के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनायें दी।

मुख्यमंत्री ने श्री लालू प्रसाद यादव के 70वें जन्मदिन के अवसर पर उन्हें 70 गुलाब के फूलों का गुलदस्ता भेंटकर बधाई एवं शुभकामनायें दी। श्री लालू प्रसाद यादव को बधाई देने के बाद मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि मैं श्री लालू प्रसाद यादव को जन्मदिन की बधाई देने आया हूँ। उन्होंने कहा कि राजनीतिक जीवन और सामाजिक जीवन में छात्र जीवन से लेकर अबतक जो इनका सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में योगदान है वह काफी अहमियत रखता है। उन्होंने कहा कि इनके जन्म दिन के अवसर पर हमारी पूरी शुभकामनायें हैं। हमलोग मिलकर बिहार के लोगों की सेवा कर रहे हैं, खिदमत कर रहे हैं और जैसा कि आप सबों को मालूम है कि आज ही दो बड़ी परियोजनाओं का लोकपर्ण भी होने जा रहा है।

****